वर्ष 29 अंक 6
पृष्ठ 24+6=30
बरेली, रविवार
17 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

PAGE NO. : 09 MIDDLE

वैज्ञानिक सोच से लगेगी अपराध पर लगाम

बरेली : आबादी बढ़ रही है। अपराध भी बढ़ रहे हैं। महिलाओं के साथ, बच्चों के साथ, बुजुर्गों के साथ आए दिन वारदात होती हैं। ऐसे अपराधों को केवल कानून की धाराओं से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान और समाज के संवेदनशील रवैये से ही रोका जा सकता है। यह विचार एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विषय पर चल रही सेमिनार में मुख्य अतिथि व रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला ने कही। सेमिनार में देश भर से आए फोरेंसिक विशेषज्ञों ने चिकित्सकीय अनुसंधान के नए तरीकों और कानून के प्रति जागरूक किया। इंडियन कांग्रेस ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन के संरक्षक डा. टीडी डोंगरा ने कहा कि अपराधों की वजह और उनके सुराग समाज में ही मौजूद होते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और फोरेंसिक विशेषज्ञों को मिलकर इस पर काम करना होगा। एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति ने कॉलेज और इसके मानव सेवा कार्यक्रमों के बारे में बताया। दिल्ली विश्वविद्यालय के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. एसके वर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। कांफ्रेंस में डा. सीपी भैसोरा, निदेशक आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. आरसी पुरोहित, आयोजक सचिव डा. जसविंदर सिंह, डॉ. श्रीकांत असावा आदि ने विचार व्यक्त किए।

अपना लक्ष्य प्राप्त करने में जुट जाएं

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में में बीटेक, एमसीए, एमबीए, बीफार्मा के नवागत छात्रों की फ्रेशर पार्टी हुई। संस्था चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, प्रशासक सुभाष मेहरा और डीन प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने किया। चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्र-छात्राओं से अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जी-तोड़ मेहनत करने को कहा। विभागाध्यक्षों ने भी मेहनत से पढ़ाई का संदेश दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। डॉ. ममता गौड़, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. एलएस मौर्य, डॉ. ललित सिंह, डॉ. नाजिया परवीन, डॉ. मो. मुस्तकीम, डीन संतोष खरे, डॉ. संतोष देवा आदि मौजूद रहे।